उपरहार, जनपद-इलाहाबाद में रेलवे की भूमि

1466. **श्री सोमपाल:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मौजा बारूद खाना, उपरहार, जनपद-इलाहाबाद में रेल मंत्रालय की कुछ भूमि है;

(ख) यदि हां, तो उस भूमि के सीमांकन सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त मंत्रालय ने इस भूमि पर कोई निर्माण कार्य किया है अथवा इसका कोई अन्य उपयोग किया है या करने का विचार रखता है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या इस भूमि का कुछ भाग किसी व्यक्ति या संस्था को पट्टे पर अथवा अन्य रूप में दिया गया है;

(च) यदि हां, तो किस नियम के अंतर्गत दिया गया है; और

(छ) क्या उक्त मंत्रालय यह भूमि शिक्षित बेरोजगारों अथवा समकक्ष श्रेणियें के अन्य लोगों को देने का विचार रखता है, यदि नहीं, तो इस योजना की प्रस्तावित रूपरेखा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) जी हां.

(ख) मौजा बारूद खाना उपरहार, जनपद-इलाहाबाद में 137.73 एकड़ भूमि रेल द्वारा 1903 में अधिगृहीत की गई थी और यह राजस्व विभाग में रेलवे के नाम से पंजीकृत है।

(ग) और (घ) जी हां। भूमि के कुछ भाग पर एक नए रेल पुल का निर्माण किया जा रहा है।

(ङ) जी नहीं।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

(छ) जी नहीं।

उर्वरकों का आयात

1467. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रूस से उर्वरक के आयात पर कड़ा प्रतिबंध लगा दिया है।

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं,

(ग) उर्वरकों की कमी का राज्य-वार ब्यौरा क्या है, और

(घ) देश में उर्वरकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए राज्य-वार क्या-क्या कदम उठाये गये हैं?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शीश राम ओला): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) वर्तमान में देश के किसी भी राज्य के उर्वरक की उपलब्धता में कमी की सूचना नहीं मिली है। देश में उर्वरकों के उत्पादन के लिए अपेक्षित कच्चा माल तथा फीडस्टाक की उपलब्धता में बाधाओं के बावजूद भी नई उत्पादन क्षमता सृजित करने और/या वर्तमान उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। देश में उर्वरक उत्पादन की क्षमता को बढ़ाने के लिए इस समय कार्यान्वयनाधीन परियोजनाओं के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

विवरण

देश में उर्वरक उत्पादन की क्षमता को बढ़ाने के लिए इस समय कार्यान्वयनाधीन 9 (नौ) परियोजनाओं के ब्यौरे निम्न प्रकार हैं:—

क्र० सं०	कम्पनी/सहकारी समिति का नाम	स्थान	अनुमानित पूंजी लागत (करोड़ रु० में)	उत्पाद	वृद्धिशील उत्पादन (लाख मी० टन प्रतिवर्ष)
1.	इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लि० (इफ्को)	आंवला (उ०प्र०)	960.00	यूरिया	7.26
2.	इफ्को	कलोल (गुजरात)	119.00	यूरिया	1.50
3.	इफ्को	फूलपुर (उ०प्र०)	993.00	यूरिया	7.26

क्र. सं॰	कम्पनी/सहकारी समिति का नाम	स्थान	अनुमानित पूंजी लागत (करोड़ रु॰ में)	उत्पाद	वृद्धिशील उत्पादन (लाख मी॰ टन प्रतिवर्ष)
4.	नेशनल फर्टिलाइजर्स लि॰ (एन एफ एल)	विजयपुर (म॰प्र॰)	987.30	यूरिया	7.26
5.	मद्रास फर्टिलाइजर्स लि॰	मनाली (मद्रास)	487.30	यूरिया एन॰पी॰के॰	0.76 1.84
6.	नागार्जुन फर्टिलाइजर्स एण्ड कैमिकल्स लि॰	कावीनाडा (आ॰प्र॰)	969.98	यूरिया	4.95
7.	नेशनल फर्टिलाइजर्स लि॰ (एन एफ एल)	नांगल (पंजाब)	50.00	यूरिया	2.14
8.	राष्ट्रीय कैमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लि॰ (आर सी एफ)	थाल, फेस-I फेस-II	49.00 93.00	यूरिया यूरिया	1.65 1.10
9.	टाटा कैमिकल्स लि॰ (टी सी एल)	बबरला (उ॰प्र॰)	1251.76	यूरिया	7.75

इन परियोजनाओं के प्रारम्भ हो जाने पर इनसे प्रतिवर्ष 41.63 लाख मी॰ टन यूरिया और 1.84 लाख मी॰ टन एन पी के उर्वरक के अतिरिक्त उत्पादन का अनुमान है।

Implementation of Centrally Sponsored Scheme in Maharashtra

1468. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether the Centrally-sponsored conservation and development of non-timber forest produce including medicinal plants scheme is being implemented in the State of Maharashtra;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) the details of allocations made for the purpose during the last three years, with results achieved therefrom, year-wise;

(d) whether Government propose to increase the allocation during 1996-97; and

(e) if so, the details thereof, and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (CAPT. JAI NARAIN PRASAD NISHAD): (a) and (b) Yes, Sir. Under this scheme, 100% Central assistance is provided to Government of Maharashtra for conservation and development of non-timber forest produce, including medicinal plants.

(c) The details of amounts released and the achievements during the last three years in respect of Maharashtra State are as follows:—

Year	Releases (Rs. in lakhs)	Achievements (Area in hectares)
1993-94	30.00	154
1994-95	26.59	824
1995-96	36.55	601 (Target)

(d) and (e) An amount of Rs. 30.00 lakhs has been earmarked for 1996-97 for Maharashtra. The final allocations depend upon the demands received from the several State Governments.

Assistance to Tide over Flood Menace

1469. SHRI PARAG CHALIHA: Will the Minsiter of AGRICULTURE be pelased to refer to the reply to Starred